बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-52
17/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में अरवल और जहानाबाद जिले की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 17 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में अरवल और जहानाबाद जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समाहरणालय, जहानाबाद स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जहानाबाद जिले के सांसदगण/विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जहानाबाद जिले के जिलाधिकारी श्री रिची पाण्डेय ने जहानाबाद एवं अरवल जिले का प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल का जल मेंटेन रहे इस पर जिलाधिकारी नजर रखे। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से कराएं। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना को लोगों के बीच में ठीक ढंग से प्रचारित कराएं ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। अनुसूचित जाति के लिए आवासीय विद्यालयों में छात्रों की सुविधाओं का ख्याल रखे। जहां कोई शिकायत मिले उसका त्वरित समाधान करें। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कराएं। मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के मामले पेंडिंग न रखें। जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में रहनेवाले छात्रों की सुविधाओं और सुरक्षा का ध्यान रखें। अस्पतालों में दवा का इंतजाम रखें और बेहतर इलाज सुनिश्चित करें।

मगध प्रमण्डल के आयुक्त श्री मयंक बरबरे ने प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह जहानाबाद जिले के प्रभारी मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, सांसद श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विधायकगण, विधान पार्षदगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्ठी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त मगध प्रमंडल श्री मयंक बरबरे, पुलिस महानिरीक्षक मगध रेंज श्री क्षत्रनील सिंह, जिलाधिकारी जहानाबाद श्री रिची पाण्डेय, जिलाधिकारी अरवल श्रीमती जे0 प्रियदर्शिनी, पुलिस अधीक्षक जहानाबाद श्री दीपक रंजन, पुलिस अधीक्षक अरवल, श्री मो0 कासिम सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******